भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 872**

सोमवार**,** 12 दिसंबर**,** 2022/21 अग्रहायण, 1944 **(**शक)

**आईटीआई में कौशल प्रशिक्षण**

872. श्री डी.एम. कथीर आनन्दः

श्री अनुराग शर्माः

क्या **कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) की गुणवत्ता और संख्या दोनों में वृद्धि करने और उनमें क्लाउड कंप्यूटिंग, कोडिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसे विषयों को नौकरी की संभावना में शामिल करने हेतु कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और सरकार द्वारा आईटीआई स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, कोडिंग और क्लाउड कंप्यूटिंग में कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं; और

(ग) देश में सरकारी और निजी, दोनों स्तरों पर कितने आईटीआई चलाए जा रहे हैं और आईटीआई तथा उनके वार्षिक छात्र प्रवेश सम्बन्धी राज्य-वार आंकड़े क्या हैं?

**उत्तर**

**कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री**

**(श्री राजीव चंद्रशेखर)**

(क) और (ख) जी हां। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के तहत प्रशिक्षण महानिदेशालय देश भर के आईटीआइज में शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) कार्यान्वित कर रहा है।

आईटीआइज की स्थापना और प्रशासन राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है, जबकि संबद्धता के लिए मानदंड निर्धारित करने, प्रमाणन के साथ परीक्षा आयोजित करने और पाठ्यक्रम तैयार करने जैसी नीतियां केंद्र सरकार की जिम्मेदारियां हैं।

आईटीआइज में प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार एक सतत प्रक्रिया है। इस दिशा में अन्य बातों के साथ-साथ संबद्धता के मानकों और मानदंडों की समीक्षा की जाती है और उद्योग प्रथाओं के अनुसार पाठ्यचर्या तथा पाठ्यक्रमों को संशोधित किया जाता है। इसके अलावा, संबंधित राज्य सरकारें केंद्र सरकार के समन्वय से आईटीआइज में प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण की गुणवत्ता के आकलन के लिए आवधिक निरीक्षण और संयुक्त निरीक्षण करती हैं। इसके अलावा, केंद्र सरकार गुणवत्ता बनाए रखने हेतु सभी आईटीआइज में आवधिक और समय पर ग्रेडिंग करती है।

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआइज) की स्थापना राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का विषय है और जब भी नए आईटीआइज की स्थापना के लिए राज्य निदेशालय से प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसकी जांच की जाती है और संबद्धता मानकों एवं मानदंडों के अनुसार निर्णय लिया जाता है तथा संबद्धता प्रदान की जाती है। 2016 से खोले गए नए आईटीआइज का राज्यवार विवरण *अनुबंध- I* में दिया गया है।

क्लाउड कंप्यूटिंग/कोडिंग जॉब रोल्स को कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग सहायक (सीओपीए), कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्क रखरखाव (सीएचएनएम), सूचना प्रौद्योगिकी सहायक कार्यकारी (आईटीएसई) तथा सूचना और संचार प्रौद्योगिकी प्रणाली रखरखाव (आईसीटीएसएम) जैसे व्यवसायों को सीटीएस के संशोधित पाठ्यक्रम में शामिल किया गया। व्यवसाय-वार नामांकन ब्यौरा *अनुबंध-II* में संलग्न हैं।

डीजीटी ने भारत स्किल्स लर्निंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सिक्योरिटी, सीसीएनए जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों पर अल्पकालिक ऑनलाइन कार्यक्रमों प्रदान करने के लिए आईबीएम, सिस्को, माइक्रोसॉफ्ट जैसे विभिन्न उद्योग भागीदारों के साथ भी समन्वय किया है।

इसके अलावा, प्रशिक्षण महानिदेशालय आईबीएम (सीएसआर के तहत) के सहयोग से सभी व्यवसायों के आईटीआई छात्रों के लिए देश भर में राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआइज) में आईटी, नेटवर्किंग और क्लाउड कंप्यूटिंग (एनएसक्यूएफ लेवल- 6) में 2 साल का उन्नत डिप्लोमा (व्यावसायिक) भी प्रदान कर रहा है। वर्तमान सत्र में, इस पाठ्यक्रम के तहत कुल 336 छात्र प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

(ग) शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत, वर्तमान में, देश में कुल 25,77,051 सीट क्षमता के साथ 14,953 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआइज) कार्यशील हैं तथा सत्र 2021-22 में 12,24,867 प्रशिक्षणार्थियों को प्रवेश दिया गया है। सरकारी और निजी आईटीआइज का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआइज) में नामांकित युवाओं की संख्या *अनुबंध-III* में संलग्न है।

**दिनांक 12.12.2022 के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 872 के भाग (क) के उत्तर से संदर्भित अनुबंध।**

**सीटीएस के तहत देश में 2016 से खोले गए नए आईटीआइज का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौराः**

| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | कुल |
|---|---|---|
| 1. | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 6 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 42 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 2 |
| 4. | असम | 16 |
| 5. | बिहार | 527 |
| 6. | छत्तीसगढ़ | 59 |
| 7. | दिल्ली | 7 |
| 8. | गोवा | 1 |
| 9. | गुजरात | 163 |
| 10. | हरियाणा | 137 |
| 11. | हिमाचल प्रदेश | 60 |
| 12. | जम्मू एवं कश्मीर | 14 |
| 13. | झारखंड | 134 |
| 14. | कर्नाटक | 143 |
| 15. | केरल | 67 |
| 16. | लद्दाख | 1 |
| 17. | मध्य प्रदेश | 348 |
| 18. | महाराष्ट्र | 187 |
| 19. | मणिपुर | 9 |
| 20. | मेघालय | 2 |
| 21. | नागालैंड | 6 |
| 22. | ओडिशा | 40 |
| 23. | पुदुचेरी | 1 |
| 24. | पंजाब | 28 |
| 25. | राजस्थान | 204 |
| 26. | सिक्किम | 1 |
| 27. | तमिलनाडु | 47 |
| 28. | तेलंगाना | 25 |
| 29. | त्रिपुरा | 8 |
| 30. | उत्तर प्रदेश | 1343 |
| 31. | उत्तराखंड | 60 |
| 32. | पश्चिम बंगाल | 153 |
| **कुल** | | **3,841** |

*अनुबंध - II*

**दिनांक 12.12.2022 के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 872 के भाग (ख) के उत्तर से संदर्भित अनुबंध।**

कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग सहायक (सीओपीए), कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्क रखरखाव (सीएचएनएम), सूचना प्रौद्योगिकी सहायक कार्यकारी (आईटीएसई), सूचना और संचार प्रौद्योगिकी प्रणाली रखरखाव (आईसीटीएसएम) का व्यवसाय-वार नामांकन ब्यौरा

| **क्रम सं.** | **व्यवसाय का नाम** | **इस व्यवसाय हेतु कार्यशील आईटीआइज की संख्या** | **इस व्यवसाय हेतु कुल सीट क्षमता** | **सत्र 2021 में नामांकित प्रशिक्षणार्थियों की संख्या** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग सहायक (सीओपीए) | 2998 | 155228 | 97227 |
| 2 | कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्क रखरखाव (सीएचएनएम) | 155 | 7104 | 4333 |
| 3 | सूचना प्रौद्योगिकी सहायक कार्यकारी (आईटीएसई) | 38 | 2376 | 456 |
| 4 | सूचना और संचार प्रौद्योगिकी प्रणाली रखरखाव (आईसीटीएसएम) | 609 | 30360 | 7972 |

*अनुबंध-III*

**दिनांक 12.12.2022 के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 872 के भाग (ग) के उत्तर से संदर्भित अनुबंध।**
**देश में शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के तहत कार्यशील सरकारी तथा निजी आईटीआइज और सीट क्षमता तथा नामांकित युवाओं की संख्या का राज्य/संघ राज्य-वार ब्यौरा**

| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | सरकारी आईटीआइज की संख्या | निजी आईटीआइज की संख्या | कुल आईटीआइज की संख्या | सीट क्षमता | 2021 में नामांकन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 3 | 1 | 4 | 716 | 531 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 83 | 432 | 515 | 93280 | 45612 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 7 | 0 | 7 | 1764 | 497 |
| 4 | असम | 30 | 12 | 42 | 8352 | 3500 |
| 5 | बिहार | 150 | 1219 | 1369 | 185536 | 110399 |
| 6 | चंडीगढ़ | 2 | 0 | 2 | 1224 | 910 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 119 | 113 | 232 | 35508 | 21996 |
| 8 | दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन और दीव | 3 | 0 | 3 | 1040 | 446 |
| 9 | दिल्ली | 17 | 36 | 53 | 18812 | 8774 |
| 10 | गोवा | 11 | 2 | 13 | 4088 | 2080 |
| 11 | गुजरात | 274 | 234 | 508 | 136508 | 81200 |
| 12 | हरियाणा | 160 | 228 | 388 | 95244 | 49032 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 128 | 140 | 268 | 42360 | 20302 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 49 | 1 | 50 | 10532 | 7710 |
| 15 | झारखंड | 76 | 269 | 345 | 73432 | 29760 |
| 16 | कर्नाटक | 275 | 1227 | 1502 | 172800 | 66238 |
| 17 | केरल | 149 | 314 | 463 | 71502 | 35454 |
| 18 | लद्दाख | 3 | 0 | 3 | 728 | 169 |
| 19 | लक्षद्वीप | 1 | 0 | 1 | 480 | 374 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 194 | 883 | 1077 | 171919 | 63306 |
| 21 | महाराष्ट्र | 422 | 606 | 1028 | 248988 | 112997 |
| 22 | मणिपुर | 10 | 0 | 10 | 244 | 108 |
| 23 | मेघालय | 7 | 1 | 8 | 932 | 508 |
| 24 | मिजोरम | 3 | 0 | 3 | 792 | 256 |
| 25 | नागालैंड | 8 | 0 | 8 | 384 | 186 |
| 26 | ओडिशा | 63 | 450 | 513 | 106270 | 57353 |
| 27 | पुदुचेरी | 8 | 7 | 15 | 1840 | 689 |
| 28 | पंजाब | 113 | 237 | 350 | 84040 | 39991 |
| 29 | राजस्थान | 160 | 1491 | 1651 | 243120 | 95215 |
| 30 | सिक्किम | 4 | 0 | 4 | 1012 | 181 |
| 31 | तमिलनाडु | 87 | 414 | 501 | 88212 | 28490 |
| 32 | तेलंगाना | 66 | 229 | 295 | 54340 | 27171 |
| 33 | त्रिपुरा | 20 | 2 | 22 | 4812 | 1596 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 286 | 2937 | 3223 | 519684 | 273714 |
| 35 | उत्तराखंड | 105 | 84 | 189 | 25424 | 8918 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 150 | 138 | 288 | 71252 | 29207 |
| | **कुल** | **3,246** | **11,707** | **14,953** | **25,77,051** | **12,24,867** |

*****